# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अप्रैल भाग-2
## 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. समेकित बाल विकास योजना (ICDS) के निम्नलिखित में से कौन से उद्देश्य हैं?

1. 0-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना।
2. बच्चे के उचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखना।
3. मृत्यु दर, रुग्णता, कुपोषण और स्कूल छोड़ने की घटनाओं को कम करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

Q.2 हाल ही में 'साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस' जारी किया गया है। यह किसके द्वारा जारी किया गया है?

A. विश्व बैंक

B. भारतीय रिज़र्व बैंक

C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

D. एशियाई विकास बैंक (ADB)

Q.3 हाल ही में चर्चा में रहा e-DAR पोर्टल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. महिला सुरक्षा

B. जेल सुधार

C. सड़क सुरक्षा

D. आपदा जोखिम लचीलापन

Q.4 वर्ष 1857 के विद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हैदराबाद में विद्रोह का नेतृत्व खान बहादुर खान ने किया।
2. बिहार के कुंवर सिंह ने विद्रोह में भाग लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.5 हाल ही में चर्चा में रहा बर्नार्डिनेली-बर्नस्टीन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. सुपर कंप्यूटर

B. धूमकेतु

C. रोबोट

D. छोटा तारा

**नोट :**

6. निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (RoDTEP) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वर्ष 2021 में मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया स्कीम (MEIS) के प्रतिस्थापन के रूप में शुरू किया गया था।
2. लौह एवं इस्पात और फार्मा क्षेत्रों को इस योजना से हटा दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. हीमोफीलिया एक दुर्लभ आनुवंशिक रोग है जिसमें रक्त के थक्के बनने की क्षमता गंभीर रूप से कम हो जाती है।
2. महिलाओं की तुलना में पुरुष हीमोफीलिया के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
3. वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया के अनुसार, भारत में हीमोफिलिया से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या सर्वाधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

8. विश्व धरोहर स्थल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व धरोहर स्थलों को यूनेस्को द्वारा नामित किया गया है।
2. अजंता की गुफाएँ भारत की पहली तथा एकमात्र "मिश्रित विश्व धरोहर स्थल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. हुनर हाट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी अवधारणा देश की कला और शिल्प की पुश्तैनी विरासत की रक्षा एवं उसे बढ़ावा देने के लिये की गई है।
2. इसकी थीम मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. उड़ान (UDAN) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय विमानन बाज़ार का विकास करना है।
2. केंद्र, राज्य सरकारों और हवाई अड्डा संचालकों की ओर से चयनित एयरलाइंस को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित में से कौन-सा/से चावल को हल्का उबालने के प्रभाव है/हैं?

1. इससे मिलिंग के दौरान चावल के दाने के टूटने की संभावना बढ़ जाती है।
2. इससे चावल के पोषक तत्वों की वृद्धि होती है।
3. चावल को कीड़ों और कवक (फंगस) के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

12. पोलियो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्रोटोजोआ के कारण होता है।
2. इसका कोई इलाज नहीं है लेकिन टीकाकरण से इसे रोका जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक केंद्र/ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (GCTM) का उद्घाटन निम्नलिखित में से किस राज्य में किया गया है:

A. गुजरात
B. आंध्र प्रदेश
C. महाराष्ट्र
D. केरल

14. निर्यात संवर्द्धन पूंजीगत वस्तुएँ (Export Promotion Capital Goods- EPCG) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पूंजीगत वस्तुओं के आयात और निर्यात की सुविधा के लिये EPCG योजना शुरू की गई थी।
2. इस योजना के तहत निर्माता बिना किसी सीमा शुल्क को आकर्षित किये, उत्पादन से पहले, उत्पादन के समय तथा उत्पादन के बाद वस्तुओं के लिये पूंजीगत वस्तुओं का आयात कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

15. हाल ही में समाचारों में रहा एनसीएक्स इंडिया (NCX India) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. शेयर बाज़ार
B. ऊर्जा विनिमय
C. साइबर सुरक्षा अभ्यास
D. भारत की न्यूट्रिनो लैब

16. भारत निम्नलिखित में से किन संस्थाओं का सदस्य है?

1. पुनर्निर्माण और विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD)
2. अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
3. बहुपक्षीय गारंटी एजेंसी (MIGA)
4. निवेश विवादों के निपटान के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2 और 3
B. 2, 3 और 4
C. 1, 3 और 4
D. 1, 2और 4

17. नाइट्रोजन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नाइट्रीकरण नाइट्रेट का नाइट्रोजन गैस में रूपांतरण की एक प्रक्रिया है।
2. विनाइट्रीकरण वह प्रक्रिया है जो नाइट्रोजन गैस को अमोनिया में बदल देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18. केप टाउन कन्वेंशन एंड प्रोटोकॉल, 2001 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. जैव विविधता
B. विमानन
C. परमाणु हथियार
D. ओज़ोन परत

19. रम्पा विद्रोह के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. वर्ष 1882 के मद्रास वन अधिनियम के जवाब में ब्रिटिश विरोधी गतिविधियाँ थी।
B. इसे मान्यम विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है।
C. अल्लूरी सीताराम राजू विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक थे।
D. इसने देशव्यापी विद्रोह को जन्म दिया।

20. कोलंबो सुरक्षा सम्मलेन (CSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत CSC का सदस्य है।
2. इसका उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा को मज़बूत करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

21. निम्नलिखित में से कौन सी स्ट्रैटो ज्वालामुखी की विशेषता/विशेषताएँ है/हैं ?

1. लंबा और शंक्वाकार ज्वालामुखी
2. आवधिक और विस्फोटक उद्गार
3. अत्यधिक चिपचिपा लावा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) एक संवैधानिक निकाय है।
2. CAT के सदस्य न्यायिक और प्रशासनिक दोनों धाराओं से आते हैं।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. ब्लू ब्लॉब के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

A. यह उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित जल का एक पैच है।
B. यह उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित ठंडे जल का पैच है।
C. यह उत्तरी प्रशांत महासागर में स्थित ठंडे जल का पैच है।
D. यह दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित गर्म जल का पैच है।

24. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. यह नीतियाँ बनाने में सरकार को सुझाव देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. सीवीड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

2. वे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के आदिम, समुद्री फूल वाले पौधे हैं।
3. वे केवल उथले जल और बैकवाटर में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

26. फिनक्लुवेशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. यह इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) का स्थायी मंच होगा।
B. यह सहभागी स्टार्ट-अप के साथ समावेशी वित्तीय समाधान तैयार करेगा।
C. स्टार्टअप केवल क्रेडिटाइज़ेशन से संबंधित समाधान विकसित करेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

27. विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी (SPAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) के माध्यम से निवेश हेतु पूंजी जुटाने के एकमात्र उद्देश्य के लिये बनाया गया एक निगम है।
2. इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के समय, SPACs के पास मौजूदा व्यवसाय संचालन या अधिग्रहण के लिये निर्धारित लक्ष्य होने चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. स्मार्ट सिटीज़ मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मुख्य फोकस क्षेत्रों में पैदल मार्ग का निर्माण, पैदल यात्री क्रॉसिंग, साइकिल ट्रैक, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत यातायात प्रबंधन और मूल्यांकन शामिल हैं।
2. यह योजना शहरी विकास को ट्रैक करने हेतु जीवन सुगमता सूचकांक, नगर पालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक का भी आकलन करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित में से किस सिख गुरु को मुगल सम्राट औरंगज़ेब के आदेश के तहत दिल्ली में मार दिया गया था?

A. गुरु नानक
B. गुरु तेग बहादुर
C. गुरु गोविंद सिंह
D. गुरु अर्जन देव

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 22 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. पृथ्वी दिवस 2022 की थीम "हमारे ग्रह में निवेश करें" है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गो 111 वर्ष 1996 में आंध्र प्रदेश की तत्कालीन सरकार द्वारा जारी एक सरकारी आदेश था।
2. गो 111 ने गोदावरी नदी की सहायक नदी पर बने उस्मान सागर जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र में विकास या निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. ना तो 1 और ना ही 2

32: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ हिंद महासागर में उत्पन्न होते हैं।
2. पश्चिमी जेट स्ट्रीम से रबी के मौसम की फसल को हमेशा फायदा होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. कुरील द्वीप विवाद' हाल ही में फिर से सामने आया है। यह विवाद किन देशों के मध्य है:

A. जापान और रूस
B. जापान और चीन
C. दक्षिण कोरिया और चीन
D. फिलीपींस और चीन

34.जीका वायरस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1.यह एक मच्छर जनित वायरस है।
2.जीका वायरस का प्रसार यौन संचरण द्वारा भी संभव है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (WPA), 1972 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी भी जंगली जानवर के शिकार पर रोक लगाता है।
2. यह कुछ पौधों को उखाड़ने, क्षतिग्रस्त करने, संग्रह करने, रखने या बेचने पर भी रोक लगाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

36. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| पुरस्कार | संबंधित देश |
|---|---|
| 1. ऑर्डर ऑफ ज़ायद अवार्ड | संयुक्त अरब अमीरात |
| 2. ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन | मालदीव |
| 3. पुनर्जागरण के राजा हमद आदेश | सऊदी अरब |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. केवल 3

37. दलबदल विरोधी कानून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दलबदल विरोधी कानून संसद/विधानसभा सदस्यों को एक पार्टी से दूसरी पार्टी में शामिल होने पर दंडित करता है।
2. यह सांसद/विधायकों के एक समूह को दलबदल के लिये दंड के बिना किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने की अनुमति नहीं देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

38. सागर नितल प्रसरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस प्रक्रिया में नया क्रस्ट बनता है।
2. यह अपसारी प्लेट सीमाओं पर होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. ब्लू स्ट्रैगलर तारे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1 वे केवल घने तारकीय प्रणालियों में पाए जाते हैं।

2. इनकी खोज एलन सैंडेज ने की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 73वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में भाग XI जोड़ा गया।
2. ग्राम सभा में एक गाँव में मतदाता के रूप में पंजीकृत सभी वयस्क सदस्य शामिल होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) द्वारा वर्ष 2021 में विश्व सैन्य खर्च पर प्रकाशित नवीनतम आँकड़ों के अनुसार,सर्वाधिक सैन्य खर्च वाले देश हैं:

1.यूएस
2. चीन
3. भारत
4. दक्षिण कोरिया
5. रूस
6. यूके
7. फ्रांस

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2, 4, 5 और 7
B.1, 2, 5, 6 और 7
C.1, 2, 4, 5 और 6
D.1, 2, 3, 5 और 6

42. अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके परिणामस्वरूप भारत को दूसरे वर्ष विशेष निगरानी सूची में रखा गया है।
2. यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा जारी की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43 आँगनवाड़ी योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वर्ष 2014 में लॉन्च किया गया था।
2. लाभार्थियों की पहचान आधार के माध्यम से की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

44. WHO की E-2025 पहल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. कोविड

B. मलेरिया

C. पोलियो

D. डेंगू

45 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक निकाय है।

2. यह विश्वविद्यालय शिक्षा में शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान के मानकों का समन्वय करता है तथा उन्हें बनाए रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. विश्व टीकाकरण सप्ताह 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा समन्वित एक वैश्विक स्वास्थ्य अभियान है।

2. इस वर्ष का विषय 'सभी के लिये लंबा जीवन' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य का राज्यपाल अनिवार्य रूप से उस राज्य के विश्वविद्यालयों का पदेन कुलाधिपति होता है।

2. एक कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल सभी विश्वविद्यालयी मामलों पर निर्णय लेने में मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

48. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (NAIS) के साथ जारी है।

2. यह फसल की विफलता के खिलाफ व्यापक बीमा कवर प्रदान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

49. पर्सिवरेंस रोवर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नासा के मार्स 2020 मिशन का हिस्सा है।
2. यह प्लूटोनियम के प्राकृतिक रेडियोधर्मी क्षय द्वारा संचालित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन द्वारा मंत्रिपरिषद की संख्या की अधिकतम सीमा तय की गई?

A. 87वाँ संशोधन अधिनियम
B. 91वाँ संशोधन अधिनियम
C. 101वाँ संशोधन अधिनियम
D. 71वाँ संशोधन अधिनियम

51 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रच्छन्न बेरोज़गारी बाज़ार में उपलब्ध नौकरियों और उपलब्ध श्रमिकों के कौशल के बीच असामनता होने के कारण उत्पन्न होती है।
2. संरचनात्मक बेरोज़गारी तब उत्पन्न होती है जब वास्तव में आवश्यकता से अधिक लोगों को नियोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. दंड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 144 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं:

1. यह आदेश किसी विशेष व्यक्ति या आम जनता के खिलाफ पारित किया जा सकता है।
2. धारा 144 लागू होने पर शिक्षण संस्थान बंद नही होंगे।
3. इस धारा के तहत कोई भी आदेश 2 महीने से अधिक की अवधि के लिये लागू नहीं हो सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3'

53. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट प्रकाशित करता है?

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. विश्व आर्थिक मंच
D. अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थान

नोट :

54. फिरोज़ शाह तुगलक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तुगलक वंश का तीसरा शासक था।
2. इसने जजिया या जीज्या कर की शुरूआत की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55 चिनाब नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

2. यह हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल और स्पीति ज़िले के ऊपरी हिमालय से निकलती है।
3. यह पाकिस्तान के मैदानी क्षेत्रों में झेलम नदी में मिलती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

56. संग्रहालय अनुदान योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?

A. संस्कृति मंत्रालय नए संग्रहालयों की स्थापना के लिये सोसायटी अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत स्वायत्त निकायों और ट्रस्टों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
B. इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक वर्ष राज्य की राजधानी में कम-से-कम एक केंद्रीय/राज्य संग्रहालय विकसित करना है।
C. जिला और क्षेत्रीय संग्रहालयों की स्थापना और विकास के लिये अधिकतम 10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है।
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं।

57. पाम ऑयल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ऑयल पाम फल के मेसोकार्प से प्राप्त होता है।
2. इंडोनेशिया और मलेशिया मिलकर वैश्विक पाम ऑयल का लगभग 90% का उत्पादन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. ब्रह्मोस मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

2. इसका निर्माण इज़रायल, रूस और भारत ने संयुक्त रूप से किया है।
3. यह एक मल्टीप्लेटफॉर्म मिसाइल है,अर्थात् इसे जमीन, हवा और समुद्र से लॉन्च किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

59. हाल ही में चर्चा में रही वैश्विक सुरक्षा पहल को किसके द्वारा लॉन्च किया गया है?

A. यूरोपीय संघ

B. चीन

C. क्वाड समूह

D. राष्ट्रमंडल राष्ट्र

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में तेल की कीमत
2. केंद्रीय उत्पाद शुल्क
3. राज्य कर (वैट)

उपर्युक्त में से कौन सा/से कारक पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों का/के घटक है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

61. अनुसूचित जनजातियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान किसी भी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित करने के लिये मानदंड निर्धारित करता है।
2. ढेबर आयोग की सिफारिश पर आदिम जनजातीय समूह बनाए गए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में मेन्थॉल सिगरेट की बिक्री पर प्रतिबंध नहीं है।
2. 2012 में फिनलैंड मेन्थॉल सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बन गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. हाल ही में चर्चा में रही 'मुद्रा और वित्त पर रिपोर्ट' निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी की जाती है?

A. विश्व आर्थिक मंच

B. एशिया विकास बैंक

C. भारतीय रिज़र्व बैंक

D. विश्व बैंक

**नोट :**

64 MSME सस्टेनेबल (ZED) प्रमाणन योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ज़ीरो डिफेक्ट ज़ीरो इफेक्ट विधियों को अपनाने वाले एमएसएमई को सक्षम और सुविधाजनक बनाने के लिये व्यापक अभियान है।
2. प्रमाणन के तीन स्तर हैं- ब्रोंज़, सिल्वर और गोल्ड।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. गगन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्पेस बेस्ड ऑग्मेंटेशन सिस्टम (SBAS) है।
2. इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और राष्ट्रीय वैमानिकी तथा अंतरिक्ष प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: C

व्याख्या

- आँगनवाड़ी सेवाएँ (अम्ब्रेला समेकित बाल विकास योजना) निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित एक केंद्र प्रायोजित योजना है:
  - 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना। अत: विकल्प 1 सही नहीं है।
  - बच्चे के उचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखना। अत: विकल्प 2 सही है।
  - मृत्यु दर, रुग्णता, कुपोषण और स्कूल छोड़ने की घटनाओं को कम करना। अत: विकल्प 3 सही है।
  - बाल विकास को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न विभागों के बीच नीति और कार्यान्वयन का प्रभावी समन्वय स्थापित करना।
  - माता में उचित पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं की देखभाल करने की क्षमता बढ़ाना।
  - किशोर लड़कियों (AGs) को सुविधा प्रदान करना, उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना ताकि वे आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

2. उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस (द्वि-वार्षिक) में भारत और पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिये अपने आर्थिक विकास के पूर्वानुमान में कटौती की।
- साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस वर्तमान के आर्थिक विकास का वर्णन, यूक्रेन में युद्ध के दक्षिण एशिया पर आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण, विकास के पूर्वानुमान के साथ-साथ ज़ोखिम परिदृश्य प्रदान करता है और इसने यह निष्कर्ष निकाला है कि अर्थव्यवस्थाओं को फिर से आकार देने के लिये मानदंडों को पुन: आकार देने की आवश्यकता है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

3. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने 'e-DAR' (ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट) नामक पोर्टल विकसित किया है।
- यह पोर्टल सड़क दुर्घटनाओं की तत्काल जानकारी प्रदान करता है और दुर्घटना के मुआवज़े दावों को तेज़ी से निपटाने में मदद करता है ताकि पीड़ित परिवारों को राहत मिल सके।
- पोर्टल को अन्य सरकारी पोर्टलों से जोड़ा जाएगा जिससे वाहन या ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी विवरण तथा वाहनों के पंजीकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी।
- इसके अंतर्गत दुर्घटना हॉटस्पॉट की भी पहचान की जाएगी ताकि इन हॉटस्पॉट पर दुर्घटनाओं से बचने हेतु समाधान प्राप्त किया जा सके। अत: विकल्प C सही है

4. उत्तर: B

व्याख्या

## 1857 का विद्रोह

| विद्रोह के स्थान | भारतीय नेता | विद्रोह को दबाने वाले ब्रिटिश अधिकारी |
|---|---|---|
| दिल्ली | बहादुर शाह II | जॉन निकोलसन |
| लखनऊ | बेगम हजरत महल | हेनरी लॉरेंस |
| कानपुर | नाना साहब | सर कॉलिन कैंपबेल |
| झांसी से ग्वालियर | लक्ष्मीबाई और तात्या टोपे | जनरल ह्यूग रोज़ |
| बरेली | खान बहादुर खान। अत: कथन 1 सही नहीं है। | सर कॉलिन कैम्पबेल |
| इलाहाबाद और बनारस | मौलवी लियाकत अली | कर्नल ओन्सेल |
| बिहार | कुंवर सिंह। अत: कथन 2 सही है। | विलियम टेलर |

5. उत्तर: B

व्याख्या

बर्नार्डिनेली-बरस्टीन धूमकेतु:

- धूमकेतु की खोज खगोलविदों- पेड्रो बर्नार्डिनेली और गैरी बर्नस्टीन ने चिली में एक खगोलीय वेधशाला में डार्क एनर्जी सर्वे से प्राप्त अभिलेखीय छवियों के आधार पर की थी।
  - इसे नवंबर 2010 में खोजा गया था और तब से इसका गहन अध्ययन किया जा रहा है।
- यह धूमकेतु एक लाख से अधिक वर्षों से सूर्य की ओर गतिशील है और माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति ऊर्ट क्लाउड (धूमकेतुओं का बादल) में हुई थी।
- बर्नार्डिनेली-बर्नस्टीन धूमकेतु 3 मिलियन वर्ष तथा लंबी अंडाकार कक्षा का अनुसरण करता है तथा इसका अनुमानित तापमान माइनस 348 डिग्री फारेनहाइट है।
  - यह इतना गर्म है कि अपनी सतह से कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) को उर्ध्वपातित कर देता है जिससे धूलयुक्त कोमा (Dusty Coma) उत्पन्न होता है। अत: विकल्प B सही है।

6. उत्तर: C

व्याख्या:

- 'निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट' (RoDTEP) योजना:
  - RoDTEP योजना निर्यातकों को ऐसे अंतर्निहित केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क या करों को वापस कर देगी, जिन पर अब तक या तो छूट नहीं दी जा रही थी या उन्हें वापस नहीं किया जा रहा था, जिससे भारत के निर्यातकों को नुकसान हो रहा था।
  - यह योजना उन करों या शुल्कों पर लागू नहीं होगी, जिन पर पहले ही छूट दी जा चुकी है या जिन्हें वापस किया जा चुका है।
- लॉन्च
  - इसे जनवरी 2021 में 'मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया स्कीम' (MEIS) के प्रतिस्थापन के रूप में शुरू किया गया था, जो विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं थी। अत: कथन 1 सही है।
  - परिधान निर्यातकों के लिये 'राज्य और केंद्रीय लेवी तथा कर' (RoSCTL) योजना की छूट अलग से अधिसूचित की गई है।
- हाल ही में सरकार ने 'निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट' (RoDTEP) योजना से लौह, इस्पात, रसायन और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों को हटा दिया है। अत: कथन 2 सही है।
  - इन क्षेत्रों को इस योजना से हटा दिया गया क्योंकि लौह और इस्पात 'पहले से ही उन्नत स्तर पर थे तथा महामारी के दौरान फार्मा उद्योग में भी वृद्धि हुई थी।

7. उत्तर: D

व्याख्या:

- हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग है, जिसमें रक्त के थक्के बनने की क्षमता गंभीर रूप से कम हो जाती है, जिससे कि मामूली चोट में भी गंभीर रक्तस्राव हो सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - हीमोफीलिया जीन में उत्परिवर्तन या परिवर्तन के कारण होता है, जो रक्त का थक्का बनाने के लिये आवश्यक क्लॉटिंग फैक्टर प्रोटीन बनाने के लिये निर्देश प्रदान करता है।
- एक बच्चे के लिंग का निर्धारण करने के तरीके में शामिल आनुवंशिकी के कारण, महिलाओं की तुलना में पुरुष हीमोफीलिया के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - यह काफी दुर्लभ बीमारी है, लगभग 10,000 लोगों में से 1 व्यक्ति इससे प्रभावित होता है।
- हीमोफीलिया A हीमोफीलिया का सबसे सामान्य प्रकार है। इसमें रक्त में थक्के बनने के लिये आवश्यक 'फैक्टर 8' की कमी हो जाती है।
- हीमोफीलिया B बेहद कम सामान्य है। हीमोफीलिया B में थक्के बनने के लिये आवश्यक फैक्टर-9 की कमी हो जाती है।
  - हीमोफीलिया A, लगभग 5,000 में से एक में 1 व्यक्ति में होता है, जबकि हीमोफीलिया B इससे भी दुर्लभ है जो कि लगभग 20,000 में से 1 व्यक्ति को होता है।
- वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफीलिया के वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण 2017 के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में 1.96 लाख से अधिक लोग हीमोफीलिया से पीड़ित थे। अत: कथन 3 सही है।
  - देश-वार आँकड़ों के अनुसार भारत में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक लगभग 19,000 मामलें हैं।
  - अनुमान है कि भारत में लगभग 80% मामले अपंजीकृत हो जाते हैं, जिससे हीमोफीलिया मामलों वास्तविक संख्या 2 लाख के करीब हो सकती है।

8. उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व धरोहर/विरासत स्थल का आशय एक ऐसे स्थान से है, जिसे यूनेस्को द्वारा उसके विशिष्ट सांस्कृतिक अथवा भौतिक महत्त्व के कारण सूचीबद्ध किया गया है।
  - विश्व धरोहर स्थलों की सूची को 'विश्व धरोहर कार्यक्रम' द्वारा तैयार किया जाता है, यूनेस्को की 'विश्व धरोहर समिति' द्वारा इस कार्यक्रम को प्रशासित किया जाता है।

नोट :

- यह सूची यूनेस्को द्वारा वर्ष 1972 में अपनाई गई 'विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण से संबंधित कन्वेंशन' नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि में सन्निहित है। अत: कथन 1 सही है।

- भारत में कुल 3691 स्मारक और स्थल हैं। इनमें से 40 यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित हैं।
- जिसमें ताजमहल, अजंता की गुफाएँ और एलोरा की गुफाएँ शामिल हैं। विश्व धरोहर स्थलों में असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्राकृतिक स्थल भी शामिल हैं।
  - गुजरात के हड़प्पाकालीन शहर धौलावीरा को भारत के 40वें विश्व धरोहर स्थल का दर्ज़ा दिया गया है।
  - रामप्पा मंदिर (तेलंगाना) भारत का 39वाँ विश्व धरोहर स्थल था।
  - सिक्किम का कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान "मिश्रित विश्व विरासत स्थल" के रूप में नामित भारत का पहला और एकमात्र स्थल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

9. उत्तर: A

व्याख्या:

हुनर हाट:

- परिचय:
  - वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में हुनर हाट की अवधारणा देश की कला और शिल्प की पुश्तैनी विरासत की रक्षा एवं उसे बढ़ावा देने, पारंपरिक कारीगरों तथा शिल्पकारों का समर्थन करने के लिये प्रस्तुत की गई है। अत: कथन 1 सही है।
  - हुनर हाट प्रदर्शनी में वे चुने गए कारीगर शामिल होते हैं जिनके पूर्वज इस तरह के पारंपरिक हस्तनिर्मित कार्यों में शामिल थे और अभी भी इस पेशे में संलग्न हैं।
- थीम:
  - "वोकल फॉर लोकल" (Vocal for Local) और "बेस्ट फ्रॉम वेस्ट"(Best from Waste)। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उद्देश्य:
  - कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक पाकशाला विशेषज्ञों को बाज़ार तक पहुँच प्रदान करने तथा रोज़गार के अवसर प्रदान करना।
  - उन शिल्पकारों, बुनकरों और कारीगरों के कौशल को बढ़ावा देना जो पहले से ही पारंपरिक पुश्तैनी कार्यों में संलग्न हैं।

10. उत्तर: B

व्याख्या:

उड़ान योजना:

- उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) को वर्ष 2016 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS) के रूप में शुरू किया गया था।
- उद्देश्य:
  - क्षेत्रीय विमानन क्षेत्र का विकास करना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - छोटे शहरों में भी आम आदमी को क्षेत्रीय मार्गों पर किफायती, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और लाभदायक हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करना।
- इस योजना में मौजूदा हवाई पट्टियों और हवाई अड्डों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश के असेवित तथा कम सेवा वाले हवाई अड्डों को कनेक्टिविटी प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। यह योजना 10 वर्षों की अवधि के लिये परिचालित है।
- कम सेवा वाले हवाई अड्डे वे होते हैं जिनमें एक दिन में एक से अधिक उड़ानें नहीं होती हैं, जबकि अनारक्षित हवाई अड्डे वे होते हैं जहाँ कोई परिचालन नहीं होता है।
- केंद्र, राज्य सरकारों और हवाई अड्डा संचालकों की ओर से चयनित एयरलाइंस को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है ताकि असेवित तथा कम सेवा वाले हवाई अड्डों से संचालन को प्रोत्साहित किया जा सके एवं हवाई किराए को किफायती रखा जा सके। अत: कथन 2 सही है।

**नोट :**

11. उत्तर: B

व्याख्या:

- उबला चावल उस चावल को संदर्भित करता है जिसे चावल/धान (Paddy) के मिलिंग चरण (Milling Stage) से पहले आंशिक रूप से उबाला जाता है।
    - हालाँकि भारतीय खाद्य निगम या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के द्वारा उबले हुए चावल की कोई विशिष्ट परिभाषा नहीं दी गई है।
- फायदे:
    - उबालने से चावल सख्त हो जाते हैं जिससे मिलिंग के दौरान चावल के दानें के टूटने की संभावना कम हो जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - हल्का उबालने से चावल के पोषक तत्त्वों में वृद्धि हो जाती हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - उबले हुए चावल कीड़ों और कवक के प्रति अधिक प्रतिरोधी होते है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- नुकसान:
    - चावल गहरे रंग के हो जाते हैं और लंबे समय तक भिगोने के कारण उनमें गंध आ सकती हैं।
    - इसके अलावा एक उबला चावल मिलिंग इकाई (Parboiling Rice Milling Unit) स्थापित करने के लिये कच्चे चावल मिलिंग इकाई (Raw Rice Milling Unit) की तुलना में अधिक निवेश की आवश्यकता होती है।

12. उत्तर: B

व्याख्या:

- पोलियो अपंगता का कारक और एक संभावित घातक वायरल संक्रामक रोग है जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- प्रतिरक्षात्मक रूप से मुख्यत: पोलियो वायरस के तीन अलग-अलग उपभेद हैं:
    - वाइल्ड पोलियो वायरस 1 (WPV1)
    - वाइल्ड पोलियो वायरस 2 (WPV2)
    - वाइल्ड पोलियो वायरस 3 (WPV3)
- यह वायरस मुख्य रूप से 'मलाशय-मुख मार्ग' (Faecal-Oral Route) के माध्यम से या दूषित पानी या भोजन के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।
- यह मुख्यत: 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है।
- दुर्लभ मामलों में पोलियो संक्रमण के कारण माँसपेशियों में पक्षाघात होता है।
- इसका कोई इलाज नहीं है लेकिन टीकाकरण से इसे रोका जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- टीकाकरण:
    - ओरल पोलियो वैक्सीन (OPV): यह संस्थागत प्रसव के दौरान जन्म के समय ही दी जाती है, उसके बाद प्राथमिक तीन खुराक 6, 10 और 14 सप्ताह में और एक बूस्टर खुराक 16-24 महीने की उम्र में दी जाती है।
    - इंजेक्टेबल पोलियो वैक्सीन (IPV): इसे सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत DPT (डिप्थीरिया, पर्टुसिस और टेटनस) की तीसरी खुराक के साथ एक अतिरिक्त खुराक के रूप में दिया जाता है।

13. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में गुजरात के जामनगर में अपनी तरह के पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक केंद्र/ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (GCTM) के लिये शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया था।

नोट :

- इसके अतिरिक्त वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार सम्मेलन इस महीने के अंत में गांधीनगर में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश और नवाचारों को बढ़ावा देना है।
  - यह दीर्घकालिक साझेदारी और निर्यात को बढ़ावा देने तथा एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करने का एक अनूठा प्रयास है। अत: विकल्प A सही है।

14. उत्तर: B

व्याख्या:

- EPCG योजना वर्ष 1990 के दशक में वस्तुओं और सेवाओं की उत्पादन गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से पूंजीगत वस्तुओं के आयात की सुविधा हेतु शुरू की गई थी, जिससे भारत की अंतर्राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्द्धा में वृद्धि हुई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना के तहत निर्माता बिना किसी सीमा शुल्क को आकर्षित किये, उत्पादन से पहले, उत्पादन के समय तथा उत्पादन के बाद वस्तुओं के लिये पूंजीगत वस्तुओं का आयात कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - EPCG योजना के तहत बिना किसी प्रतिबंध के पुरानी पूंजीगत वस्तुओं का भी आयात किया जा सकता है।
- पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क के दायित्व का भुगतान करने में छूट प्रदान करने वाली यह योजना प्राधिकरण जारी होने की तारीख से 6 वर्षों के भीतर ऐसे पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर बचाए गए शुल्क के 6 गुना के निर्यात मूल्य के बराबर होता है।

15. उत्तर: C

व्याख्या:

एनसीएक्स इंडिया:

- हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा घटना प्रतिक्रिया अभ्यास (National Cyber Security Incident Response Exercise- NCX India) का आयोजन किया गया।
- एनसीएक्स इंडिया का आयोजन 18 से 29 अप्रैल 2022 तक दस दिनों की अवधि तक हाइब्रिड अभ्यास के रूप में किया जा रहा है।
- इसका उद्देश्य सरकार/महत्वपूर्ण क्षेत्र के संगठनों और एजेंसियों के वरिष्ठ प्रबंधन तथा तकनीकी कर्मियों को समकालीन साइबर खतरों एवं साइबर घटनाओं व प्रतिक्रिया के प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करना है। अत: विकल्प C सही है।

16. उत्तर: A

व्याख्या:

- इसे वर्ष 1944 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ पुनर्निर्माण और विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) के रूप में स्थापित किया गया था। बाद में IBRD को ही विश्व बैंक के रूप में जाना गया।
  - विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- सदस्य: इसके 189 सदस्य देश हैं। भारत भी एक सदस्य देश है।
  - प्रमुख रिपोर्ट
    - ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस। (हाल ही में प्रकाशित करना बंद कर दिया)।
    - ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स।
    - वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट।
  - पाँच विकास संस्थान:
    - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)
    - अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
    - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
    - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
    - निवेश विवादों के निपटारे के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)
  - भारत इसका सदस्य नहीं है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

17. उत्तर: D

व्याख्या:

नाइट्रोजन:

- नाइट्रोजन सभी जीवित जीवों के अस्तित्व के लिये महत्त्वपूर्ण प्राथमिक पोषक तत्त्वों में से एक है।
- वायुमंडल में नाइट्रोजन गैस की 78% मात्रा पाई जाती है और नाइट्रोजन जीवन के आवश्यक कई अणुओं का हिस्सा है जिनमें प्रोटीन, न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और आरएनए) और कुछ विटामिन शामिल हैं।
- नाइट्रोजन अन्य जैविक रूप से महत्त्वपूर्ण यौगिकों जैसे एल्कलॉइड और यूरिया में भी पाया जाता है।
- इस प्रकार नाइट्रोजन सभी जीवों के लिये एक आवश्यक पोषक तत्व है तथा जीवन हेतु ये सभी जीव सीधे वायुमंडलीय नाइट्रोजन का उपयोग करते है।
- नाइट्रोजन गैस के प्रमुख परिवर्तन निम्न प्रक्रिया के माध्यम से होते हैं: नाइट्रोजन स्थिरीकरण (नाइट्रोजन गैस से अमोनिया), नाइट्रीकरण (अमोनिया से नाइट्राइट और नाइट्रेट)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- विनाइट्रीकरण (नाइट्रेट से नाइट्रोजन गैसों में परिवर्तन)। अत: कथन 2 सही नहीं है।

18. उत्तर: B

व्याख्या:

केप टाउन कन्वेंशन एंड प्रोटोकॉल:

- मोबाइल संबंधी उपकरण में अंतर्राष्ट्रीय हितों पर कन्वेंशन 16 नवंबर, 2001 को केप टाउन में संपन्न हुआ था, जो कि विमान उपकरण संबंधी विशिष्ट मामलों पर प्रोटोकॉल था।
- केप टाउन कन्वेंशन एंड प्रोटोकॉल, अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) और निजी कानून के एकीकरण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संस्थान (UNIDROIT) के संयुक्त तत्वावधान में अपनाया गया था।
- ICAO एक संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की विशेष एजेंसी है, जिसे वर्ष 1944 में स्थापित किया गया था, जिसने शांतिपूर्ण वैश्विक हवाई नेविगेशन के लिये मानकों और प्रक्रियाओं की नींव रखी। भारत इसका एक सदस्य देश है।
- इसके उद्देश्य उच्च मूल्य वाली विमानन संपत्तियों अर्थात् एयरफ्रेम, विमान इंजन और हेलीकॉप्टरों हेतु तथा अवरोध्य अधिकार (Opposable Rights) प्राप्त करने की समस्या को हल करने हेतु कोई निश्चित स्थान नहीं है।
- यह समस्या मुख्य रूप से इस कारण उत्पन्न होती है कि कानूनी प्रणालियों में लीज़ संबंधी समझौतों के लिये अलग-अलग प्रावधान हैं, जो उधार देने वाले संस्थानों के लिये उनके अधिकारों की प्रभावकारिता के बारे में अनिश्चितता उत्पन्न करता है।
- यह ऐसी विमानन परिसंपत्तियों हेतु वित्तपोषण के प्रावधान को बाधित करता है तथा उधार लेने की राशि को बढ़ाता है। अत: विकल्प B सही है।

19. उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 1882 के मद्रास वन अधिनियम के खिलाफ अल्लूरी सीताराम राजू ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गए थे। इस अधिनियम ने आदिवासियों (आदिवासी समुदायों) के उनके वन आवासों में मुक्त आवाजाही और उन्हें पारंपरिक रूप का पोडु (स्थानांतरित खेती/ झूम कृषि) को प्रतिबंधित कर दिया था।
- अंग्रेजों के प्रति बढ़ते असंतोष ने वर्ष 1922 के रम्पा विद्रोह/मन्यम विद्रोह को जन्म दिया, जिसमें अल्लूरी सीताराम राजू ने एक नेतृत्वकर्त्ता के रूप में एक प्रमुख भूमिका निभाई।
- स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उनके वीरतापूर्ण कारनामों के लिये उन्हें "मन्यम वीरुडु" (जंगल का नायक) उपनाम दिया गया था।
- वर्ष 1924 में अल्लूरी सीताराम राजू को पुलिस हिरासत में ले लिया गया, एक पेड़ से बाँध कर सार्वजनिक रूप से गोली मार दी गई तथा सशस्त्र विद्रोह को प्रभावी ढंग से समाप्त कर दिया।
- यह एक राष्ट्रव्यापी विद्रोह नहीं बन सका। अत: विकल्प D सही है।

नोट :

20. उत्तर: C

व्याख्या:

- CSC का गठन वर्ष 2011 में भारत, श्रीलंका और मालदीव के त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा समूह के रूप में किया गया था।
- इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की पाँचवीं बैठक में चौथे सदस्य के रूप में मॉरीशस शामिल किया गया।
- बांग्लादेश और सेशेल्स ने पर्यवेक्षकों के रूप में भाग लिया तथा उन्हें समूह में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- CSC के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की पाँचवीं बैठक ने निम्नलिखित पाँच स्तंभों में क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने और मज़बूत करने के लिये सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई:
  - सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा
  - आतंकवाद और कट्टरवाद का मुकाबला
  - अवैध व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध का सामना करना
  - साइबर सुरक्षा, महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे और प्रौद्योगिकी की सुरक्षा
  - मानवीय सहायता और आपदा राहत अत: कथन 2 सही है।

21. उत्तर: D

व्याख्या:

स्ट्रैटो ज्वालामुखी (Stratovolcano):

- एक शंक्वाकार ज्वालामुखी है जो कठोर लावा, टेफ्रा (Tephra), प्यूमिस और राख की कई परतों द्वारा निर्मित होता है।
- इस ज्वालामुखी की विशेषता खड़ी संरचना और आवधिक, विस्फोटक उद्गार है।
- स्ट्रैटो ज्वालामुखी से निकलने वाला लावा अत्यधिक चिपचिपा (Viscous) होता है तथा अधिक दूरी तक फैलने के कारण यह ठंडा व कठोर हो जाता है। अत: विकल्प D सही है।

22. उत्तर:C

व्याख्या:

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण:

- इसकी स्थापना संविधान के अनुच्छेद 323A के तहत की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- यह संघ या सरकार के नियंत्रणाधीन अन्य प्राधिकरणों के मामलों के संबंध में सार्वजनिक सेवाओं और पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा की शर्तों के संबंध में विवादों व शिकायतों के न्यायनिर्णयन का प्रावधान करता है।
- CAT एक विशेषज्ञ निकाय है जिसमें प्रशासनिक और न्यायिक सदस्य शामिल हैं जो अपने विशेष ज्ञान के आधार पर त्वरित और प्रभावी न्याय प्रदान करने में सक्षम हैं। अत: कथन 2 सही है।

23. उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्लू ब्लॉब: यह आइसलैंड और ग्रीनलैंड के दक्षिण में स्थित एक ठंडा क्षेत्र है और इसके बारे में बहुत कम जानकारी है।
- वर्ष 2014-2015 की सर्दियों के दौरान जब समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से लगभग 1.4 डिग्री सेल्सियस था तो इस क्षेत्र में कोल्ड पैच (Cold Patch) सबसे अधिक थे। आर्कटिक क्षेत्र कथित तौर पर वैश्विक औसत से चार गुना तेज़ी से गर्म हो रहा है और आइसलैंड के ग्लेशियर वर्ष 1995 से वर्ष 2010 तक लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं, जिससे प्रति वर्ष औसतन 11 बिलियन टन बर्फ पिघल रही है।
- वर्ष 2011 में इसके पिघलने की प्रक्रिया शुरू हुई हालाँकि, आइसलैंड के ग्लेशियरों के पिघलने की गति धीमी हो गई, जिसके परिणामस्वरूप वार्षिक लगभग आधा ग्लेशियर की मात्रा के बराबर ही बर्फ पिघली और ब्लू ब्लॉब को आइसलैंड के ग्लेशियरों और ठंडे जल पर कूलर हवा के तापमान से जोड़ा गया है।
- यह प्रवृत्ति ग्रीनलैंड और स्वालबार्ड के आस-पास के बड़े ग्लेशियरों में नहीं देखी गई थी। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

The Vision

24. उत्तर: C

व्याख्या:

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण:

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (FSSAI Act) के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका संचालन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत किया जाता है।
- इसके प्रमुख कार्य हैं:
    - खाद्य सुरक्षा के मानकों और दिशा-निर्देशों को निर्धारित करने के लिये नियम बनाना।
    - खाद्य व्यवसायों के लिये FSSAI खाद्य सुरक्षा लाइसेंस और प्रमाणन प्रदान करना।
    - खाद्य व्यवसायों में प्रयोगशालाओं के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देश निर्धारित करना।
    - नीतियाँ बनाने हेतु सरकार को सुझाव देना। अत: कथन 2 सही है।
    - खाद्य उत्पादों में संदूषकों के संबंध में डेटा एकत्र करना, उभरते ज़ोखिमों की पहचान करना तथा एक त्वरित चेतावनी प्रणाली की शुरूआत करना।
    - खाद्य सुरक्षा के बारे में देश भर में एक सूचना नेटवर्क बनाना।
    - खाद्य सुरक्षा और खाद्य मानकों के बारे में सामान्य जागरूकता को बढ़ावा देना।

25. उत्तर: D

व्याख्या:

सीवीड के बारे में:

- ये शैवाल जड़, तना और पत्तियों रहित बिना फूल वाले होते हैं, जो समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सीवीड जल के नीचे जंगलों का निर्माण करते हैं, जिन्हें केल्प फारेस्ट (Kelp Forest) कहा जाता है। ये जंगल मछली, घोंघे आदि के लिये नर्सरी का कार्य करते हैं।अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सीवीड की अनेक प्रजातियाँ हैं जैसे- ग्रेसिलिरिया एडुलिस, ग्रेसिलिरिया क्रैसा, ग्रेसिलिरिया वेरुकोसा, सरगस्सुम एसपीपी और टर्बिनारिया एसपीपी आदि।

26. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (India Post Payments Bank- IPPB) द्वारा फिनक्लुवेशन प्लेटफॉर्म (Fincluvation Platform) को लॉन्च किया गया है, ताकि फिनटेक स्टार्टअप्स के सहयोग से अभिनव उपायों को बढ़ावा दिया जा सके और वंचित तथा सेवाओं तक पहुँच वाली आबादी के बीच वित्तीय समावेशन में तेज़ी लाई जा सके।
- फिनक्लुवेशन, भाग लेने वाले स्टार्टअप के साथ समावेशी वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने हेतु IPPB का एक स्थायी मंच होगा। अत: कथन 1 और कथन 2 सही हैं।
- वित्तीय समावेशन के लिये लक्षित सार्थक वित्तीय उत्पादों के निर्माण की दिशा में स्टार्टअप्स समुदाय को प्रोत्साहित करने हेतु एक शक्तिशाली मंच की स्थापना करने की यह उद्योग की प्रथम पहल है।
- स्टार्टअप्स को निम्नलिखित ट्रैक्स के साथ संरेखित समाधान विकसित करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है:
    - क्रेडिटाइज़ेशन- लक्षित ग्राहकों के साथ संयोजित नवोन्मेषी तथा समावेशी क्रेडिट उत्पादों का विकास करना एवं उन्हें डाक नेटवर्क के माध्यम से उनके द्वार तक पहुँचाना।

- डिजिटाइज़ेशन- डिजिटल भुगतान प्रौद्योगिकियों के साथ पारंपरिक सेवाओं के समन्वयन के माध्यम से सुविधा प्रदान करना, उदाहरण के लिये अंत: पारस्परिक बैंकिंग सेवा के रूप में पारंपरिक मनीऑर्डर सेवा उपलब्ध कराना।
- बाज़ार आधारित समाधान- बाज़ार आधारित कोई भी समाधान जो लक्षित ग्राहकों की सेवा करने में आईपीपीबी (IPPB) और/या डाक विभाग से संबंधित किसी अन्य समस्या का समाधान करने में सहायता कर सकती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

27. उत्तर: A

व्याख्या:

- एक विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी (SPAC) इनिशियल पब्लिक ऑफ के माध्यम से निवेश हेतु पूंजी जुटाने के एकमात्र उद्देश्य के लिये बनाया गया एक निगम है। अत: कथन 1 सही है।
- उनके आईपीओ के समय SPAC के पास कोई मौजूदा व्यवसाय संचालन या अधिग्रहण के लिये कोई निर्धारित लक्ष्य नहीं होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस तरह की व्यावसायिक संरचना निवेशकों को फंड हेतु धन का उपयोग करने की अनुमति देती है जिसका उपयोग आईपीओ के बाद पहचाने जाने वाले एक या अधिक अनिर्दिष्ट व्यवसायों हेतु किया जाता है।
  - इसलिये इस प्रकार की शेल फर्म संरचना को लोकप्रिय मीडिया में अक्सर "ब्लैंक-चेक कंपनी" कहा जाता है।
  - एक बार जब जनता से पैसा जुटा लिया जाता है तो इसे एस्क्रो खाते में रखा जाता है जिसे अधिग्रहण करते समय एक्सेस किया जा सकता है।
  - यदि आईपीओ के दो साल के भीतर अधिग्रहण नहीं किया जाता है, तो SPAC को हटा दिया जाता है और पैसा निवेशकों को वापस कर दिया जाता है।

28. उत्तर: (c)

व्याख्या:

स्मार्ट सिटीज़ मिशन:

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे जून 2015 में "स्मार्ट सॉल्यूशंस" (Smart Solutions) के आवेदन के माध्यम से नागरिकों को उच्च गुणवत्ता के साथ जीवन जीने हेतु आवश्यक बुनियादी ढाँचा, स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण प्रदान करने के लिये 100 शहरों को परिवर्तित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
- मिशन का उद्देश्य विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं के माध्यम से शहरों में रहने वाली भारतीय आबादी की आकांक्षाओं को पूरा करना है।
- इसके रणनीतिक घटकों में 'क्षेत्र-आधारित विकास' जिसमें शहर सुधार (Retrofitting), शहर नवीनीकरण (Redevelopment) और शहर विस्तार (Greenfield Development) शामिल हैं, साथ ही एक पैन-सिटी पहल, जिसमें शहर के बड़े हिस्से को कवर करते हुए 'स्मार्ट समाधानों' को लागू किया जाता है।
- योजना के मुख्य फोकस क्षेत्रों में पैदल मार्ग का निर्माण, पैदल यात्री क्रॉसिंग, साइकिल ट्रैक, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत यातायात प्रबंधन और मूल्यांकन शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह योजना शहरी विकास को ट्रैक करने हेतु विभिन्न सूचकांकों का भी आकलन करती है जैसे- जीवन सुगमता सूचकांक, नगर पालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक, सिटी जीडीपी फ्रेमवर्क, जलवायु स्मार्ट शहरों का आकलन ढाँचा आदि। अत: कथन 2 सही है।

29. उत्तर: B

व्याख्या:

गुरु तेग बहादुर:

- गुरु तेग बहादुर नौवें सिख गुरु थे, जिन्हें अक्सर सिखों द्वारा 'मानवता के रक्षक' (सृष्टि-दी-चादर) के रूप में सम्मानित किया जाता है।
- एक महान शिक्षक के रूप में प्रसिद्ध गुरु तेग बहादुर एक उत्कृष्ट योद्धा, विचारक और कवि भी थे जिन्होंने अन्य आध्यात्मिक चीज़ों के बीच ईश्वर, मन, शरीर और शारीरिक लगाव की प्रकृति का विस्तृत विवरण प्रदान किया है।

- उनकी रचना को 116 काव्य भजनों के रूप में पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में शामिल किया गया है।
- वह एक उत्साही यात्री भी थे और उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचार केंद्र स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- ऐसे ही एक मिशन के दौरान उन्होंने पंजाब में चक-ननकी शहर की स्थापना की, जो बाद में पंजाब के आनंदपुर साहिब का हिस्सा बन गया।
- वर्ष 1675 में मुगल सम्राट औरंगज़ेब के आदेश पर गुरु तेग बहादुर की हत्या दिल्ली में कर दी गई थी। अत: विकल्प B सही है।

30. उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2009 में 22 अप्रैल को 'अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस' ('International Mother Earth Day) के रूप में मनाने की घोषणा की। अत: कथन 1 सही है।
  - पृथ्वी दिवस को वैश्विक स्तर पर एक गैर-लाभकारी संगठन EARTHDAY.ORG द्वारा समायोजित किया जाता है। इसे पहले अर्थ डे नेटवर्क (Earth Day Network) के रूप में जाना जाता था।
  - इसका उद्देश्य "लोगों और पृथ्वी में परिवर्तनकारी बदलाव लाने हेतु विश्व के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन का निर्माण करना है।"
- 22 अप्रैल, 2022 को पृथ्वी दिवस की 52वीं वर्षगाँठ मनाई गई। पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण के लिये समर्थन का संकल्प लेने हेतु दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है।
- पृथ्वी दिवस, 2022 की थीम "हमारे ग्रह में निवेश करें" (Invest In our Planet) है। अत: कथन 2 सही है।

31. उत्तर: A

व्याख्या:

- 8 मार्च, 1996 को तत्कालीन (अविभाजित) आंध्र प्रदेश की सरकार ने उस्मान सागर और हिमायत सागर झीलों के जलग्रहण क्षेत्र में 10 किमी के दायरे में विकास या निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के लिये गो 111 (GO 111) जारी किया था। अत: कथन 1 सही है।
  - शासन ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, आवासीय कॉलोनियों, होटलों आदि की स्थापना पर रोक लगा दी।
  - प्रतिबंधों का उद्देश्य जलग्रहण क्षेत्र की रक्षा करना और जलाशयों को प्रदूषण मुक्त रखना था।
- हैदराबाद को बाढ़ से बचाने के लिये कृष्णा की एक प्रमुख सहायक नदी मुसी (जिसे मूसा या मचकुंड के नाम से भी जाना जाता है) पर बाँध बनाकर जलाशयों का निर्माण किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 1908 में छठे निजाम महबूब अली खान (1869-1911ई.) के शासनकाल के दौरान एक बड़ी बाढ़ जिसमें 15,000 से अधिक लोग मारे गए थे, के बाद बाँधों के निर्माण का प्रस्ताव आया।
  - झीलें अंतिम निज़ाम, उस्मान अली खान (1911-48 ई.) के शासनकाल के दौरान अस्तित्व में आईं। उस्मान सागर वर्ष 1921 में और हिमायत सागर वर्ष1927 में बनकर तैयार हुआ था। उस्मान सागर में निज़ाम का गेस्टहाउस अब एक विरासत भवन है।

32. उत्तर: D

व्याख्या:

- पश्चिमी विक्षोभ को भूमध्य सागर में उत्पन्न होने वाले एक 'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान' के रूप में चिह्नित किया जाता है, जो एक निम्न दबाव का क्षेत्र है तथा उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक वर्षा, बर्फबारी और कोहरे के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पश्चिमी विक्षोभ का अर्थ इसके नाम में ही निहित है।
- पश्चिमी विक्षोभ की दिशा 'पश्चिम' से 'पूर्व' की ओर होती है।
- ये हाई अल्टीट्यूड पर पूर्व की ओर चलने वाली वर्स्टली जेट धाराओं (Westerly Jet Streams) के साथ यात्रा करते हैं।
- विक्षोभ का तात्पर्य 'विक्षुब्ध' क्षेत्र या कम हवा वाले दबाव क्षेत्र से है।
- प्रकृति में संतुलन मौजूद है जिसके कारण एक क्षेत्र में हवा अपने दबाव को सामान्य करने की कोशिश करती है।
- पश्चिमी विक्षोभ का संबंध उत्तरी भारत में वर्षा, बर्फबारी और कोहरे से जुड़ा हुआ है। इसके कारण पाकिस्तान व उत्तरी भारत में वर्षा तथा बर्फबारी होती है। पश्चिमी विक्षोभ अपने साथ लाने वाली नमी को भूमध्य सागर और/या अटलांटिक महासागर से ग्रहण करते हैं।

- सर्दियों में होने वाली वर्षा और प्री-मानसून वर्षा पश्चिमी विक्षोभ के कारण होती है जो उत्तरी उपमहाद्वीप क्षेत्र में रबी की फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण होती है।
- पश्चिमी विक्षोभ हमेशा ही अच्छे मौसम के सूचक नहीं होते हैं। ये बाढ़, भूस्खलन, धूल भरी आँधी, ओलावृष्टि, शीत लहर से लोगों की मृत्यु, बुनियादी ढाँचे की क्षति तथा आजीविका को प्रभावित करने वाली चरम मौसमी घटनाओं का कारण भी बन सकते है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

33. उत्तर: A

व्याख्या:

- जापान और रूस के बीच कुरील द्वीप विवाद दक्षिण कुरील द्वीप समूह की संप्रभुता को लेकर है।
    - दक्षिण कुरील द्वीप समूह में एटोरोफू द्वीप (Etorofu Island), कुनाशीरी द्वीप (Kunashiri Island), शिकोटन (Shikotan) द्वीप और हबोमाई द्वीप (Habomai Island) शामिल हैं।
- इन द्वीपों पर जापान द्वारा दावा किया जाता है लेकिन रूस द्वारा सोवियत संघ के उत्तराधिकारी राज्य के रूप मं इस पर कब्ज़ा कर लिया गया है। अत: विकल्प A सही है।

34. उत्तर: (C)

व्याख्या:

जीका वायरस:

- ज़ीका वायरस एक मच्छर जनित फ्लेविवायरस है जिसे पहली बार वर्ष 1947 में युगांडा में बंदरों में पहचाना गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसे बाद में वर्ष 1952 में युगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया में मनुष्यों में पहचाना गया। ज़ीका वायरस रोग का प्रकोप अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दर्ज किया गया है।
- ज़ीका वायरस रोग मुख्य रूप से एडीज़ मच्छरों द्वारा प्रसारित एक वायरस के कारण होता है और गर्भवती महिला से उसके भ्रूण में जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- ज़ीका के लिये कोई टीका या दवा नहीं है। इसके बजाय लक्षणों से राहत पाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और इसमें बुखार व दर्द के निवारण के लिये आराम, पुनर्जलीकरण तथा एसिटामिनोफेन शामिल हैं।

35. उत्तर: B

व्याख्या:

वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (WPA), 1972:

- यह अधिनियम, अनुसूची I, II, III और IV में निर्दिष्ट किसी भी जंगली जानवर के शिकार को प्रतिबंधित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - अपवाद: इन अनुसूचियों के तहत सूचीबद्ध किसी जंगली जानवर का शिकार राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन (CWLW) की अनुमति मिलने के बाद ही किया जा सकता है, यदि:
        - यह मानव जीवन या संपत्ति (किसी भी भूमि पर लगी फसलों सहित) के लिये संकटमय हो जाता है।
- यह किसी वन भूमि या किसी संरक्षित क्षेत्र से किसी निर्दिष्ट पौधे को उखाड़ने, क्षति पहुँचाने, संग्रह करने तथा बिक्री पर रोक लगाता है। अत: कथन 2 सही है।
    - अपवाद: हालाँकि CWLW, शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, हर्बेरियम में संरक्षण के उद्देश्य से किसी विशिष्ट पौधे को नष्ट करने या एकत्र करने या ऐसा कोई व्यक्ति/संस्थान जिसे केंद्र सरकार द्वारा ऐसा करने के लिये अनुमोदन प्राप्त है, को अनुमति दे सकता है।

नोट :

36. उत्तर: D

व्याख्या:

भारतीय प्रधानमंत्री को दिये गए अन्य पुरस्कार:

- भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार (2021): उन्हें भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'ऑर्डर ऑफ द ड्रक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया है, जिसे "नगदग पेल जी खोरलो" के नाम से भी जाना जाता है।
- ऑर्डर ऑफ ज़ायद अवार्ड (2019): संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड (2019): रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
- ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्ज़ुद्दीन (2019): मालदीव का सर्वोच्च सम्मान जो विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- पुनर्जागरण के राजा हमद आदेश- प्रथम श्रेणी (2019): बहरीन का सर्वोच्च सम्मान। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
- फिलिस्तीन राज्य का ग्रैंड कॉलर पुरस्कार (2018): विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाने वाला फिलिस्तीन का सर्वोच्च सम्मान।
- सियोल पीस प्राइज़ (2018): सियोल पीस प्राइज़ कल्चरल फाउंडेशन का द्विवार्षिक पुरस्कार (दक्षिण कोरिया) उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने मानव विकास में सुधार, राष्ट्र और विश्व में शांति तथा लोकतंत्र को मज़बूती प्रदान करने हेतु कार्य किये हैं।
- अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद ऑर्डर (2016): यह सऊदी अरब का सर्वोच्च सम्मान है जो गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है।
- गाज़ी अमीर अमानुल्लाह खान स्टेट ऑर्डर (2016): अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान। अत: विकल्प D सही है।

37. उत्तर: A

व्याख्या:

- दल-बदल विरोधी कानून संसद/विधानसभा सदस्यों को एक पार्टी से दूसरी पार्टी में शामिल होने पर दंडित करता है
- संसद ने इसे 1985 में दसवीं अनुसूची के रूप में संविधान में जोड़ा। इसका उद्देश्य दल बदलने वाले विधायकों को हतोत्साहित कर सरकारों में स्थिरता लाना था।
    - दसवीं अनुसूची जिसे दलबदल विरोधी अधिनियम के रूप में जाना जाता है, को 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था
    - यह किसी अन्य राजनीतिक दल में दलबदल के आधार पर निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता के लिये प्रावधान निर्धारित करता है।
    - यह 1967 के आम चुनावों के बाद पार्टी से अलग विधायकों द्वारा कई राज्य सरकारों को गिराने की प्रतिक्रिया थी।
- हालाँकि यह सांसद/विधायकों के एक समूह को दलबदल के लिये दंड के बिना किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने (अर्थात् विलय) की अनुमति देता है। इस प्रकार यह दलबदल करने वाले विधायकों को प्रोत्साहित करने या स्वीकार करने के लिये राजनीतिक दलों को दंडित नहीं करता है।
- 1985 के अधिनियम के अनुसार, एक राजनीतिक दल के निर्वाचित सदस्यों के एक-तिहाई सदस्यों द्वारा 'दलबदल' को 'विलय' माना जाता था।
- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार, दलबदल विरोधी कानून में एक राजनीतिक दल को किसी अन्य राजनीतिक दल में या उसके साथ विलय करने की अनुमति दी गई है, बशर्ते कि उसके कम-से-कम दो-तिहाई सदस्य विलय के पक्ष में हों।
- इस प्रकार इस कानून के तहत एक बार अयोग्य सदस्य उसी सदन की किसी सीट पर किसी भी राजनीतिक दल से चुनाव लड़ सकते हैं।
- दलबदल के आधार पर अयोग्यता संबंधी प्रश्नों पर निर्णय के लिये मामले को सदन के सभापति या अध्यक्ष के पास भेजा जाता है, जो कि 'न्यायिक समीक्षा' के अधीन होता है।
- हालाँकि कानून एक समय-सीमा प्रदान नहीं करता है जिसके भीतर पीठासीन अधिकारी को दलबदल के मामले का फैसला करना होता है।

नोट :

38. उत्तर: C

व्याख्या:

सागर नितल प्रसरण:

- सागर नितल प्रसरण मैग्मा के दरार में ऊपर उठने की प्रक्रिया है क्योंकि पुरानी पपड़ी खुद को विपरीत दिशाओं में खींचती है। ठंडा समुद्री जल मैग्मा को ठंडा करता है, जिससे एक नया क्रस्ट बनता है। अत: कथन 1 सही है।
- मैग्मा के ऊपर की ओर गति करने और अंतत: इसके शीतल होने में लगे लाखों वर्षों में समुद्र तल पर ऊँचे उभार/रिज (High Ridges) निर्मित हो गए हैं।
- सागर नितल प्रसरण अपसारी प्लेट सीमाओं पर होता है, जहाँ टेक्टोनिक प्लेट्स धीरे-धीरे एक-दूसरे से दूर होती जाती हैं।अत: कथन 2 सही है।
- ईस्ट पैसिफिक राइज़ रिंग ऑफ फायर में प्रमुख सागर तल प्रसरण स्थल है।
  - यह प्रशांत प्लेट, कोकोस प्लेट (मध्य अमेरिका के पश्चिम), नाज़का प्लेट (दक्षिण अमेरिका के पश्चिम), उत्तरी अमेरिकी प्लेट और अंटार्कटिक प्लेट की सीमा पर स्थित है।

39. उत्तर: C

व्याख्या:

- ब्लू स्ट्रैगलर्स खुले या गोलाकार समूहों में सितारों का एक ऐसा वर्ग है जो अन्य तारों की तुलना में अपेक्षाकृत बड़े और नीले रंग के होने के कारण अलग ही दिखाई देते हैंI कुछ तारे ऐसे होते हैं कि जब उनके आकार में विस्तार और शीतलन की उम्मीद की जाती है, तो वे इसके ठीक विपरीत होते हैं।
- इनके नीले रंग की वजह से संकेत मिलता है कि वे चमकीले और गर्म होते हैं। इस प्रकार ये रंग-परिमाण आरेख में अपने आसपास के ठंडे लाल तारों से बाहर की ओर दिखाई देते हैं।
- उनकी उत्पत्ति का एक संकेत यह है कि वे केवल घने तारकीय प्रणालियों में पाए जाते हैं, जहाँ सितारों के बीच की दूरी बहुत कम (एक प्रकाश वर्ष के एक अंश के बराबर) होती है। अत: कथन 1 सही है।
- चूँकि वे विकास के क्रम में अपने समूह के अन्य तारों से पिछड़ते हुए दिखाई देते हैं, इसलिये उन्हें उनके गर्म, नीले रंग के कारण विशेष रूप से नीले रंग के स्ट्रैगलर कहा जाता है।
- एलन सैंडेज (कैलिफोर्निया के पासाडेना में कार्नेगी ऑब्ज़र्वेटरीज़ के एक खगोलशास्त्री) ने वर्ष 1952-53 में गोलाकार क्लस्टर M3 में ब्लू स्ट्रैगलर की खोज की थी। अत: कथन 2 सही है।

40. उत्तर: B

व्याख्या:

73वाँ संवैधानिक संशोधन:

- 73वें संवैधानिक संशोधन द्वारा संविधान में "पंचायतों" शीर्षक से भाग IX जोड़ा गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लोकतांत्रिक प्रणाली की बुनियादी इकाइयों के रूप में ग्राम सभाओं (ग्राम) को रखा गया जिसमें मतदाता के रूप में पंजीकृत सभी वयस्क सदस्य शामिल होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- उन राज्यों जिनकी जनसंख्या 20 लाख से कम है,को छोड़कर ग्राम, मध्यवर्ती (प्रखंड/तालुका/मंडल) और ज़िला स्तरों पर पंचायतों की त्रि-स्तरीय प्रणाली लागू की गई है (अनुच्छेद 243B)।
- सभी स्तरों पर सीटों को प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरा जाना है [अनुच्छेद 243C(2)]।
- अनुसूचित जातियों (SC) और अनुसूचित जनजातियों (ST) के लिये सीटों का आरक्षण किया गया है तथा सभी स्तरों पर पंचायतों के अध्यक्ष के पद भी जनसंख्या में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अनुपात के आधार पर आरक्षित किये गए हैं।
- उपलब्ध सीटों की कुल संख्या में से एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिये आरक्षित हैं।
- सभी स्तरों पर अध्यक्षों के एक-तिहाई पद भी महिलाओं के लिये आरक्षित हैं।

नोट :

41. उत्तर : D

व्याख्या:

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) द्वारा प्रकाशित नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 में महामारी के कारण उत्पन्न आर्थिक गिरावट के बावजूद विश्व सैन्य व्यय में बढ़ोतरी देखी गई जो 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया है।
- 2021 में तेज आर्थिक सुधार के परिणामस्वरूप, वैश्विक सैन्य बोझ- विश्व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हिस्से के रूप में विश्व सैन्य व्यय- 0.1 प्रतिशत अंक, 2020 में 2.3% से 2021 में 2.2% हो गया।
- सर्वाधिक सैन्य व्यय करने वाले शीर्ष देश:
  - वर्ष 2021 में पाँच सबसे बड़े सैन्य व्ययकर्त्ता देशों में अमेरिका, चीन, भारत, ब्रिटेन और रूस शामिल थे।
  - इन्होने कुल वैश्विक सैन्य व्यय का 62% अपने सैन्य क्षेत्र में व्यय किया जिसमें अकेले अमेरिका और चीन ने 52% व्यय किया।
- एशिया और ओशिनिया:
  - वर्ष 2021 में एशिया और ओशिनिया का सैन्य व्यय कुल 586 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
  - इस क्षेत्र में किया गया व्यय वर्ष 2020 की तुलना में 3.5% अधिक था, जिसकी वर्ष 1989 से लगातार बढ़ने की प्रवृत्ति जारी है।
  - वर्ष 2021 में हुई वृद्धि का मुख्य कारण चीनी और भारतीय सैन्य व्यय में वृद्धि थी।
  - वर्ष 2021 के दौरान कुल सैन्य खर्च में दोनों देशों का हिस्सा 63% है। अत: विकल्प D सही है।

42. उत्तर: D

व्याख्या:

- अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (USCIRF) की वार्षिक रिपोर्ट में भारत को दूसरे वर्ष अर्थात् वर्ष 2021 में भी धार्मिक स्वतंत्रता का सर्वाधिक उल्लंघन करने के लिये 'कंट्रीज़ ऑफ पर्टिकुलर कंसर्न' (प्रमुख चिंता वाले देशों) की श्रेणी में सूचीबद्ध करने की सिफारिश की गई है।
- इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने वर्ष 2021 में भारत में मानवाधिकारों पर एक सशक्त व आलोचनात्मक रिपोर्ट जारी की थी। अत: कथन 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं।
- रिपोर्ट का प्राथमिक फोकस देशों के दो समूहों पर है:
  - विशेष चिंता वाले देश (CPC): यह अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 1998 (IFRA) के अंतर्गत धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के आधार पर देशों को विशेष चिंता वाले देश (Countries of Particular Concern- CPC) में नामित करने के लिये अमेरिकी विदेश विभाग के सचिव को सिफारिश करता है।
  - विशेष निगरानी सूची (SWL): SWL में उन देशों को शामिल किया जाता है, जिन देशों की सरकारों द्वारा गंभीर रूप से धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन किया जाता है या जिन पर ऐसा करने का आरोप है।

43. उत्तर: (b)

व्याख्या:

आँगनवाड़ी योजना:

- आँगनवाड़ी राज्यों अथवा केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो भारत में ग्रामीण बच्चों और मातृ देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करती है
- एक कार्यक्रम के तौर पर इसकी शुरुआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 1975 में बाल कुपोषण की समस्या से निपटने के लिये की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आँगनवाड़ी केंद्र छह सेवाओं का पैकेज प्रदान करते हैं: पूरक पोषण, स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, तथा परामर्श सेवाएँ।
- आँगनवाड़ी सेवा योजना के तहत लाभार्थियों की पहचान आधार के माध्यम से की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

44. उत्तर: B

व्याख्या:

E-2025 पहल:

- वर्ष 2017 में WHO द्वारा ई-2025 पहल की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्देश्य वर्ष 2020 तक ऐसे देशों के समूह का समर्थन करना है जो अपने यहाँ मलेरिया के मामलों को ज़ीरो स्तर तक लाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।
- इस पहल द्वारा पाँच क्षेत्रों में से कुल 21 देशों की पहचान की गई जहाँ मलेरिया को खत्म करने की संभावनाएँ विद्यमान थीं।
- 'ज़ीरोइंग इन ऑन मलेरिया एलिमिनेशन' नामक रिपोर्ट, ई -2025 पहल के तहत हुई अब तक मलेरिया उन्मूलन प्रगति को दर्शाती है।
- ई-2020 की सफलताओं को ध्यान में रखते हुए WHO द्वारा ऐसे 25 देशों के समूह की पहचान की गई है, जो आने वाले पाँच वर्षों में अपने यहाँ मलेरिया को पूरी तरह से समाप्त करने में सक्षम हैं।
- ई-2025 पहल में शामिल देशों को WHO और उसके सहयोगियों से तकनीकी और अन्य सहयोग प्राप्त होगा। बदले में इन देशों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रमों का प्रतिवर्ष ऑडिट करें, मलेरिया उन्मूलन से संबंधित मंचों पर साझेदारी करें, निगरानी व आकलन करें तथा मलेरिया से संबंधित मामले के आँकड़ों को समय-समय पर साझा करें। अत: विकल्प B सही है।

45. उत्तर: C

व्याख्या:

'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग':

- यह 28 दिसंबर 1953 को अस्तित्व में आया।
- वर्ष 1956 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे एक वैधानिक निकाय बनाया गया। अत: कथन 1 सही है।
- इसे विश्वविद्यालय शिक्षा में शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान मानकों के समन्वय, निर्धारण तथा रखरखाव हेतु स्थापित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- UGC का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

45. उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व टीकाकरण सप्ताह 2022 का आयोजन 24-30 अप्रैल तक किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व टीकाकरण सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा समन्वित एक स्वास्थ्य अभियान है जिसे प्रतिवर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाता है।
- विश्व टीकाकरण सप्ताह 2022 का विषय 'सभी के लिये लंबा जीवन' है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका उद्देश्य लोगों को इस विचार के लिये एकजुट करना है कि टीके हमारे सपनों को पूरा करने, अपने प्रियजनों की रक्षा करने और एक लंबा,स्वस्थ जीवन संभव बनाते हैं।

47. उत्तर: B

व्याख्या:

- राज्य विश्वविद्यालयों में राज्यपाल की भूमिका:
- ज़्यादातर मामलों में राज्य का राज्यपाल संबंधित राज्य के विश्वविद्यालयों का पदेन कुलपति होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- राज्यपाल के रूप में वह मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से कार्य करता है लेकिन कुलाधिपति के रूप में वह मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप में कार्य करता है और विश्वविद्यालय के सभी मामलों पर निर्णय लेता है। अत: कथन 2 सही है।
- केंद्रीय विश्वविद्यालयों के संबंध में:
  - केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (Central Universities Act, 2009) और अन्य विधियों के तहत भारत का राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय का कुलाध्यक्ष होगा।

- ◆ दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने तक सीमित भूमिका के साथ ही वह केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति के रूप में नाममात्र का प्रमुख होता है जिसे राष्ट्रपति द्वारा आगंतुक के रूप में नियुक्त किया जाता है।
- ◆ कुलपति को भी केंद्र सरकार द्वारा गठित खोज और चयन समितियों (Search and Selection Committees) द्वारा चुने गए नामों के पैनल से विज़िटर द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- ◆ अधिनियम में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति को उसे कुलाध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं के निरीक्षण के लिये अधिकृत करने एवं जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होगा।

48. उत्तर: (B)

व्याख्या:

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना:

- शुभारंभ:
  - ◆ इसका शुभारंभ वर्ष 2016 में किया गया जिसे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है।
- इसने राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (NAIS) और संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (MNAIS) को प्रतिस्थापित किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उद्देश्य:
  - ◆ फसल के खराब होने की स्थिति में एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करना ताकि किसानों की आय को स्थिर करने में मदद मिल सके। अत: कथन 2 सही है।
- क्षेत्र/दायरा:
  - ◆ वे सभी खाद्य और तिलहनी फसलें तथा वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसलें, जिनके लिये पिछली उपज के आँकड़े उपलब्ध हैं।
- बीमा किस्त:
  - ◆ इस योजना के तहत किसानों द्वारा दी जाने वाली निर्धारित बीमा किस्त/प्रीमियम- खरीफ की सभी फसलों के लिये 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% है। वार्षिक वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के मामले में बीमा किस्त 5% है।
  - ◆ किसानों के हिस्से की प्रीमियम लागत का वहन राज्यों और केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में बराबर साझा किया जाता है।
  - ◆ हालाँकि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत बीमा किस्त सब्सिडी का 90% हिस्सा वहन किया जाता है।

49. उत्तर: C

व्याख्या:

पर्सिवरेंस रोवर :

- पर्सिवरेंस रोवर के बारे में:
  - ◆ पर्सिवरेंस अत्यधिक उन्नत, महँगी और परिष्कृत चलायमान प्रयोगशाला है जिसे मंगल ग्रह पर भेजा गया है।
  - ◆ यह मिशन पिछले मिशनों से भिन्न है क्योंकि यह महत्त्वपूर्ण चट्टानों और मिट्टी के नमूनों की खुदाई करने एवं उन्हें एकत्रित करने में सक्षम है तथा इन्हें मंगल की सतह पर एक गुप्त स्थान पर सुरक्षित किया जा सकता है।
  - ◆ यह नासा के मार्स 2020 मिशन का केंद्रबिंदु है जिसमें छोटा रोबोट और समाक्षीय (Coaxial) हेलीकॉप्टर इनजेनिटी भी शामिल है। अत: कथन 1 सही है।
- शक्ति का स्रोत:
  - ◆ इसमें एक बहु-मिशन रेडियोआइसोटोप थर्मोइलेक्ट्रिक जेनरेटर है जो प्लूटोनियम (प्लूटोनियम डाइऑक्साइड) के प्राकृतिक रेडियोधर्मी क्षय से ऊष्मा को बिजली में परिवर्तित कर देता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

50. उत्तर: B

व्याख्या:

91वाँ सविधान संशोधन:

- संविधान (91वाँ संशोधन) अधिनियम, 2003 के अनुच्छेद 164 में खंड 1A सम्मिलित किया गया जिसके अनुसार, "किसी राज्य की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या राज्य विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं होनी चाहिये।
    - इसमें यह भी प्रावधान था कि किसी राज्य में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या 12 से कम नहीं होगी।
- इसी तरह के संशोधन अनुच्छेद 75 के तहत भी किये गए थे।
    - इसके अनुसार, प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की सलाह पर की जाएगी।
    - मंत्रिपरिषद् में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15% से अधिक नहीं होनी चाहिये।
- 91वें संशोधन का उद्देश्य बड़ी कैबिनेट और इसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने पर पड़ने वाले आर्थिक भार को रोकना था। अत: विकल्प B सही है।

51. उत्तर: D

व्याख्या:

बेरोज़गारी के प्रकार:

- प्रच्छन्न बेरोजगारी: यह एक ऐसी घटना है जिसमें वास्तव में आवश्यकता से अधिक लोगों को रोज़गार दिया जाता है।
    - यह मुख्य रूप से भारत के कृषि और असंगठित क्षेत्रों में पाई जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मौसमी बेरोज़गारी: यह एक प्रकार की बेरोज़गारी है, जो वर्ष के कुछ निश्चित मौसमों के दौरान देखी जाती है।
    - भारत में खेतिहर मज़दूरों के पास वर्ष भर काफी कम काम होता है।
- संरचनात्मक बेरोज़गारी: यह बाज़ार में उपलब्ध नौकरियों और श्रमिकों के कौशल के बीच असंतुलन होने से उत्पन्न बेरोज़गारी की एक श्रेणी है।
    - भारत में बहुत से लोगों को आवश्यक कौशल की कमी के कारण नौकरी नहीं मिलती है और शिक्षा के खराब स्तर के कारण उन्हें प्रशिक्षित करना मुश्किल हो जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- चक्रीय बेरोज़गारी: यह व्यापार चक्र का परिणाम है, जहाँ मंदी के दौरान बेरोज़गारी बढ़ती है और आर्थिक विकास के साथ घटती है।
    - भारत में चक्रीय बेरोज़गारी के आँकड़े नगण्य हैं। यह एक ऐसी घटना है जो अधिकतर पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं में पाई जाती है।
- तकनीकी बेरोज़गारी: यह प्रौद्योगिकी में बदलाव के कारण नौकरियों का नुकसान है।
    - वर्ष 2016 में विश्व बैंक के आँकड़ों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत में ऑटोमेशन से खतरे में पड़ी नौकरियों का अनुपात साल-दर-साल 69% है।
- घर्षण बेरोज़गारी: घर्षण बेरोज़गारी का आशय ऐसी स्थिति से है, जब कोई व्यक्ति नई नौकरी की तलाश कर रहा होता है या नौकरियों के बीच स्विच कर रहा होता है, तो यह नौकरियों के बीच समय अंतराल को संदर्भित करता है।
- सुभेद्य रोज़गार: इसका मतलब है कि लोग बिना उचित नौकरी अनुबंध के अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं और इस प्रकार इनके लिये कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है।
- इन व्यक्तियों को 'बेरोज़गार' माना जाता है क्योंकि उनके कार्य का रिकॉर्ड कभी भी बनाया नहीं जाता हैं।
- यह भारत में बेरोज़गारी के मुख्य प्रकारों में से एक है।

नोट :

52. उत्तर: C

व्याख्या:

धारा 144:

- परिचय:
    - यह कानून भारत में किसी भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के मजिस्ट्रेट को एक निर्दिष्ट क्षेत्र में चार या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगाने का आदेश पारित करने का अधिकार देता है।
    - यह उन उपद्रव या किसी घटना के संभावित खतरे के मामलों में लगाया जाता है जिसमें मानव जीवन को परेशानी या संपत्ति को क्षति पहुँचाने की संभावना होती है।
    - यह आदेश किसी विशेष व्यक्ति या आम जनता के खिलाफ पारित किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- धारा 144 की विशेषताएँ:
    - यह दिये गए क्षेत्राधिकार में किसी भी प्रकार के हथियार रखने या ले जाने पर प्रतिबंध लगाता है।
        - इस तरह के कृत्य के लिये अधिकतम दंड तीन वर्ष है।
    - इस धारा केअंतर्गत पारितआदेश के अनुसार, जनता की आवाजाही नहीं होगी और सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - साथ ही इस आदेश के संचालन की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की जनसभा या रैलियाँ करने पर पूर्ण रोक होती है।
    - कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा किसी गैर-कानूनी सभा को भंग न करना एक दंडनीय अपराध माना जाता है।
    - यह अधिकारियों को क्षेत्र में इंटरनेट एक्सेस को ब्लॉक करने का अधिकार भी देता है।
    - धारा 144 का अंतिम उद्देश्य उन क्षेत्रों में शांति और व्यवस्था बनाए रखना है जहाँ दैनिक गतिविधयों को बाधित करने से परेशानी हो सकती है।
- धारा 144 के आदेश की अवधि:
    - इस धारा के तहत कोई भी आदेश 2 महीने से अधिक की अवधि के लिये लागू नहीं हो सकता है। अत: कथन 3 सही है।
    - राज्य सरकार के विवेक के तहत इसकी वैधता को दो और महीनों के लिये बढ़ाया जा सकता है जिसकी वैधता अधिकतम छह महीने तक हो सकती है।
    - स्थिति सामान्य होने पर धारा 144 को वापस लिया जा सकता है।

53. उत्तर: B

व्याख्या:

वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक:

- यह IMF का एक सर्वेक्षण है जिसे आमतौर पर वर्ष में दो बार- अप्रैल और अक्तूबर के महीनों में प्रकाशित किया जाता है।
- यह निकट और मध्यम अवधि के दौरान वैश्विक आर्थिक विकास का विश्लेषण तथा भविष्यवाणी करता है।
- पूर्वानुमान के अपडेट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट जनवरी और जुलाई में प्रकाशित किया जाता है, जो आमतौर पर अप्रैल व अक्तूबर में प्रकाशित होने वाली मुख्य WEO रिपोर्ट्स के बीच का समय है। अत: विकल्प B सही है।

54. उत्तर: C

व्याख्या:

फिरोज शाह तुगलक:

- इसका जन्म 1309 ईस्वी में हुआ था और अपने चचेरे भाई मुहम्मद-बिन-तुगलक के निधन के बाद यह दिल्ली की गद्दी पर बैठा था।
- यह तुगलक वंश का तीसरा शासक था जिसने 1320 ईस्वी से 1412 ईस्वी तक दिल्ली पर शासन किया था। मुहम्मद-बिन-तुगलक 1351ईस्वी से 1388 ईस्वी तक सत्ता में रहा। अत: कथन 1 सही है।

- इसने ही जजिया कर लगाने की शुरुआत की थी। अत: कथन 2 सही है।
  - जजिया' या 'जीज्या' का तात्पर्य राज्य के सार्वजनिक व्यय हेतु निधि प्रदान करने के लिये इस्लामी कानून द्वारा शासित राज्य के स्थायी गैर-मुस्लिम विषयों पर वित्तीय प्रभार के रूप में प्रति व्यक्ति वार्षिक कराधान से है।
- इसने सशस्त्र बलों में उत्तराधिकार के सिद्धांत को लागू किया जहाँ अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के बाद अपने बच्चों को उस स्थान पर सेना में भेजने की अनुमति थी। हालाँकि उन्हें भुगतान, वास्तविक मुद्रा की बजाय ज़मीन के रूप में किया जाता था।
- अंग्रेज़ों द्वारा उसे 'सिंचाई विभाग का जनक' कहकर संबोधित किया गया क्योंकि उसने कई बगीचे और नहरों का निर्माण करवाया था।

55. उत्तर: A

व्याख्या:

- चिनाब नदी हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल और स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय से निकलती है। अत: कथन 1 सही है।
- यह नदी लाहौल और स्पीति ज़िले में केलांग से 8 किमी दक्षिण-पश्चिम में तांडी में दो नदियों- चंद्रा और भागा के मिलने पर बनती है।
  - भागा नदी सूर्य ताल झील से निकलती है जो हिमाचल प्रदेश में बारालाचा ला दर्रे से कुछ किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।
  - चंद्रा नदी उसी दर्रे (चंद्र ताल के पास) के पूर्वी ग्लेशियरों से निकलती है।
- यह सिंधु नदी में मिलने से पहले जम्मू और कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से होकर पंजाब, पाकिस्तान के मैदानी इलाकों में बहती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

56. उत्तर: D

व्याख्या:

संग्रहालय अनुदान योजना:

- संस्कृति मंत्रालय नए संग्रहालयों की स्थापना के लिये राज्य सरकारों और सोसायटी अधिनियम,1860 के अंतर्गत पंजीकृत समितियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों तथा ट्रस्ट्स को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका उद्देश्य क्षेत्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर मौजूदा संग्रहालयों के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करना है।
  - इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक वर्ष राज्य की राजधानी में कम-से-कम एक केंद्रीय/राज्य संग्रहालय विकसित करना है। अत: कथन 2 सही है।
- मुख्य घटक:
  - ज़िला और क्षेत्रीय संग्रहालयों की स्थापना एवं विकास:
    - इस घटक के तहत संग्रहालयों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:
- श्रेणी-I: सरकार के स्वामित्व वाले राज्य स्तरीय संग्रहालय और उत्कृष्ट संग्रह के साथ प्रसिद्ध संग्रहालय।
- श्रेणी- II: अन्य सभी संग्रहालय।
    - इस घटक के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि 10 करोड़ रुपए है। अत: कथन 3 सही है।
  - राज्यों की राजधानियों में संग्रहालयों का विकास:
    - इस घटक के तहत राजधानी शहरों में स्थित केंद्र या राज्य सरकार के मौजूदा प्रसिद्ध संग्रहालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
    - इस घटक के तहत प्रति संग्रहालय अधिकतम 15 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है।
  - सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के अंतर्गत बड़े पैमाने पर संग्रहालयों की स्थापना और विकास:
    - इस घटक के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड में राज्य सरकारों और नागरिक समाज के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में बड़े पैमाने पर संग्रहालय स्थापित करने का प्रस्ताव है।
    - इस घटक के तहत प्रदान की जाने वाली अधिकतम वित्तीय सहायता परियोजना लागत का 40% है जो अधिकतम 20 करोड़ रुपए प्रति संग्रहालय होगी। अत: विकल्प D सही है।

57. उत्तर:C

व्याख्या:

पाम ऑयल:

- पाम ऑयल एक खाद्य वनस्पति तेल है जिसे ऑयल पाम फल (Fruit of the Oil Palms) के मेसोकार्प (लाल गूदे) से प्राप्त किया जाता है। अत: कथन 1सही है।
- इसका उपयोग खाना पकाने, सौंदर्य प्रसाधन, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, केक, चॉकलेट, स्प्रेड, साबुन, शैम्पू और सफाई उत्पादों से लेकर जैव ईंधन तक हर चीज़ में किया जाता है।
    - बायोडीज़ल (Biodiesel) बनाने में कच्चे पाम ऑयल के इस्तेमाल को 'ग्रीन डीज़ल' कहा जाता है।
- इंडोनेशिया और मलेशिया मिलकर वैश्विक पाम ऑयल का लगभग 90% का उत्पादन करते हैं, इसमें भी इंडोनेशिया की हिस्सेदारी अधिक है जिसने वर्ष 2021 में 45 मिलियन टन पाम ऑयल का उत्पादन किया। अत: कथन 2 सही है।
- पाम ऑयल उद्योग आलोचना के दायरे में आ गया है क्योंकि इसके निरंतर उत्पादन के कारण वनों की कटाई में वृद्धि हुई है, साथ ही श्रम के शोषणकारी तरीकों के कारण औपनिवेशिक युग जैसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई है।
    - हालाँकि पाम ऑयल को इसलिये भी पसंद किया जाता है क्योंकि यह सस्ता है; सोयाबीन जैसे कुछ अन्य वनस्पति तेल संयंत्रों की तुलना में पाम ऑयल का प्रति हेक्टेयर अधिक उत्पादन होता है। अत: विकल्प c सही है

58. उत्तर: B

व्याख्या:

ब्रह्मोस मिसाइल:

- ब्रह्मोस रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (The Defence Research and Development Organisation) तथा रूस के NPOM का एक संयुक्त उद्यम है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है।
- यह दो चरणों वाली (पहले चरण में ठोस प्रणोदक इंजन और दूसरे में तरल रैमजेट) मिसाइल है।
- यह एक मल्टीप्लेटफॉर्म मिसाइल है जिसे ज़मीन, हवा और समुद्र में बहुक्षमता वाली मिसाइल से सटीकता के साथ लॉन्च किया जा सकता है जो खराब मौसम के बावजूद दिन और रात दोनों में काम कर सकती है। अत: कथन 2 सही है।
- यह "दागो और भूल जाओ" के सिद्धांत पर काम करती है, यानी लॉन्च के बाद इसे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं रहती है।
- ब्रह्मोस सबसे तेज़ क्रूज़ मिसाइलों में से एक है जो वर्तमान में 2.8 मैक की गति (ध्वनि की गति से लगभग 3 गुना) के साथ सक्रिय रूप से तैनात है।

59. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में चीनी राष्ट्रपति द्वारा एक नई वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) का प्रस्ताव रखा गया है। GSI को अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति और क्वाड (भारत, यूएस, ऑस्ट्रेलिया, जापान ग्रुप) के विरुद्ध प्रतिक्रियात्मक कदम के रूप में देखा जा सकता है।
- वैश्विक सुरक्षा पहल एक "साझा, व्यापक, सहकारी और टिकाऊ" सुरक्षा एवं आपसी सम्मान, खुलेपन तथा एकीकरण के लिये एशियाई सुरक्षा मॉडल के निर्माण की बात करता है।
- चीन का कहना है कि "अविभाज्य सुरक्षा" के सिद्धांत को बनाए रखने के लिये वैश्विक सुरक्षा पहल की परिकल्पना की गई है।
- "अविभाज्य सुरक्षा" के सिद्धांत का अर्थ है कि कोई भी देश दूसरों की कीमत पर अपनी सुरक्षा को मज़बूत नहीं कर सकता है। अत: विकल्प B सही है।

**नोट :**

60. उत्तर: D

व्याख्या:

- पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतें मुख्य रूप से 3 घटकों से मिलकर बनी होती हैं:
  - आधार मूल्य (अंतर्राष्ट्रीय तेल की लागत को दर्शाता है)
  - केंद्रीय उत्पाद शुल्क
  - राज्य कर (वैट)
- भारत में पेट्रोल और डीज़ल की कीमत का एक बड़ा हिस्सा केंद्रीय और राज्य कर है।
- उत्पाद शुल्क पूरे भारत में एक समान है, राज्य कर (बिक्री कर और मूल्यवर्द्धित कर) विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए दरों के आधार पर भिन्न होते हैं।
  - ये कर उपभोक्ताओं के लिये ईंधन को और भी महंगा बनाते हैं। अत: विकल्प D सही है।

61. उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान का अनुच्छेद 366 (25) अनुसूचित जनजातियों को उन समुदायों के रूप में संदर्भित करता है, जो संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार निर्धारित हैं।
  - अनुच्छेद 342 के अनुसार, केवल वे समुदाय जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा प्रारंभिक सार्वजनिक अधिसूचना के माध्यम से या संसद के बाद के संशोधन अधिनियम के माध्यम से ऐसा घोषित किया गया है, उन्हें अनुसूचित जनजाति माना जाएगा।
- अनुसूचित जनजातियों की सूची राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशिष्ट है और एक राज्य में अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित समुदाय के लिये दूसरे राज्य में भी ऐसा होने की आवश्यकता नहीं है।
- किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में निर्दिष्ट करने के मानदंड के बारे में संविधान मौन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्ष 1973 में ढेबर आयोग ने आदिम जनजातीय समूहों (PTG) को एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया जो आदिवासी समूहों में कम विकसित हैं।
- वर्ष 2006 में भारत सरकार ने पीटीजी का नाम बदलकर विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह PVTGs) कर दिया। अत: कथन 2 सही है।
- आदिवासी समूहों में PVTGs अधिक सुभेद्य हैं।

62. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में 'यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' ने मेन्थॉल सिगरेट और 'फ्लेवर्ड' सिगार पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव जारी किया।
  - भारत ने मेन्थॉल सिगरेट की बिक्री पर अभी तक प्रतिबंध नहीं लगाया है। अत: कथन 1 एक सही है।
  - वर्ष 2012 में ब्राज़ील मेन्थॉल सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश बना। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 2019 में केंद्र ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया और इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर 'फ्लेवर्ड' हुक्का सहित हुक्का सेवन पर प्रतिबंध लगाने के लिये विभिन्न राज्यों के अपने नियम हैं।.
- मेन्थॉल, अपने स्वाद और सुगंध के साथ "धूम्रपान की जलन और कड़वाहट को कम करता है।
    - मेन्थॉल सिगरेट खासकर युवाओं को आकर्षित करता है और इसका उपयोग भी आसान होता है। अत: विकल्प B सही उत्तर है।

63. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने मुद्रा और वित्त (RCF) पर रिपोर्ट जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था को कोविड-19 महामारी के प्रकोप से हुए नुकसान से उबरने में एक दशक से अधिक समय लग सकता है।

नोट :

- रिपोर्ट का विषय "रिवाइव और रिकंस्ट्रक्ट" है, जो कोविड से मज़बूती से उबरने और मध्यम अवधि में वृद्धि को बढ़ाने के संदर्भ में है। अत: विकल्प B सही है।

64. उत्तर: C

व्याख्या:

MSME सस्टेनेबल (ZED) प्रमाणन योजना:

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने MSME सस्टेनेबल (ZED-Zero Defect Zero Effect) प्रमाणन योजना शुरू की है।

- यह योजना MSME को ZED विधियों और ZED प्रमाणन को अपनाने में सक्षम बनाने व सुविधा प्रदान के साथ उन्हें MSME चैंपियन बनने के लिये प्रेरित तथा प्रोत्साहित करती है। अत: कथन 1 सही है।
- ZED शपथ लेने और पंजीकरण करने के बाद MSME सस्टेनेबल (ZED) प्रमाणन तीन स्तरों में प्राप्त किया जा सकता है:

- प्रमाणन स्तर 1: ब्रोंज़
- प्रमाणन स्तर 2: सिल्वर
- प्रमाणन स्तर 3: गोल्ड अत: कथन 2 सही है।

- ZED शपथ लेने के बाद MSME किसी भी प्रमाणन स्तर के लिये आवेदन कर सकता है यदि उसे लगता है कि वह प्रत्येक स्तर में आवश्यक शर्तों को पूरा करता है।
- ZED शपथ लेने का अर्थ है कि एमएसएमई को ज़ीरो इफ़ेक्ट ज़ीरो डिफेक्ट के मूल्यों का अनुसरण करने एवं ZED के मार्ग में आगे बढ़ने हेतु "पूर्व-प्रतिबद्धता" लेनी है।

65. उत्तर: A

व्याख्या:

गगन:

- GAGAN जीपीएस एडेड जियो ऑगमेंटेड नेविगेशन का संक्षिप्त नाम है। यह एक स्पेस बेस्ड ऑग्मेंटेशन सिस्टम (SBAS) है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सैटेलाइट बेस्ड ऑग्मेंटेशन सिस्टम (Space Based Augmentation System- SBAS) है जिसे इसरो और AII द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है ताकि सीमावर्ती उड़ान सूचना क्षेत्र (Flight Information Region-FIR) तक विस्तार करने की क्षमता के साथ भारतीय उड़ान सूचना क्षेत्र में सर्वोत्तम संभव नौवहन सेवाएँ प्रदान की जा सकें। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- गगन उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों की एक प्रणाली है जो जीपीएस सिग्नल में सुधार करती है, जिससे स्थिति की बेहतर सटीकता प्राप्त होती है।